NCC 36 बटालियन

गुरु नानक कॉलेज धनबाद(Coy 6/36)

NCC CATC कैंप (कैम्प का स्थान -हजारीबाग, झारखंड)

तिथि-07/06/ 2024 से 16 /06/2024

राष्ट्रीय कैडेट कोर NCC द्वारा 36 बटालियन के coy 6/36 के गुरु नानक कॉलेज, धनबाद के 5 कैडेटों ने CATC कैंप में हिस्सा लिया जो झारखंड के हजारीबाग में दिनांक 7.6.2024 से 16 6.2024 तक आयोजित हुआ। इस कैंप का आयोजन युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व और सामुदायिक सेवा के गुणों को विकसित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। इसमें विभिन्न शारीरिक, मानसिक और तकनीकी गतिविधियों का समावेश किया गया। कैडेट प्रदीप हांसदा , पिता- चंदन हसदा, कैडेट उमेश कुमार महतो, पिता- गंगू महतो, कैडेट आदित्य कुमार यादव, पिता- संजय यादव, कैडेट अजय भंडारी , पिता-काजल भंडारी कैडेट सचिन कुमार ठाकुर, पिता- प्रदीप ठाकुर ने सफलतापूर्वक इस कैंप को पूर्ण किया।

शारीरिक प्रशिक्षण:

कैडेटों ने विभिन्न खेलों और शारीरिक व्यायामों में भाग लिया, जिससे उनकी फिटनेस और टीम वर्क कौशल में सुधार हुआ।

विभिन्न कार्यशालाएँ:

कैडेटों को आत्मरक्षा, प्राथमिक चिकित्सा, और आपातकालीन प्रबंधन की कार्यशालाएँ आयोजित की गईं।

संस्कृतिक कार्यक्रम:

विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियाँ जैसे नृत्य, संगीत और नाटक का आयोजन किया गया, जिससे प्रतिभागियों में रचनात्मकता और टीम भावना का विकास हुआ।

स्वच्छता अभियान:

एनसीसी द्वारा स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण पर जागरूकता फैलाने के लिए विशेष अभियान चलाए गए।

कैम्प फायर और संवाद:

रात के समय कैम्प फायर के दौरान कैडेटों ने आपस में अनुभव साझा किए और प्रेरणादायक कहानियाँ सुनाई।

प्राचार्य डॉ. संजय प्रसाद ने कैंप को अत्यंत लाभकारी बताया। उन्होंने कहा कि कैंप द्वारा कैडेटों को केवल शारीरिक रूप से मजबूत बनाया ही साथ ही मानसिक रूप से भी दृढ़ बनाया है। सभी ने टीम वर्क और नेतृत्व कौशल में सुधार का अनुभव किया।